भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †1801

दिनांक 02.07.2019/11 आषाढ़,1941 (शक) को उत्तर के लिए

पुलिस विभाग में रिक्तियां

†1801. श्री जी. एम. सिद्देश्वराः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सत्य है कि बड़ी संख्या में पुलिस कार्मिकों के पद रिक्त हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या इससे नागरिकों की सुरक्षा और अन्य कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं;

(ग) क्या बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने और लोगों को और अधिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा अपेक्षित पुलिस बल उपलब्ध कराने के लिए इन रिक्तियों को भरने के लिए शीघ्र निर्णय लिए जाने की संभावना है; और

(घ) राज्यों में पुलिस कार्मिकों की संख्या और उनकी आवश्यकता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)

(क) से (घ): बीपीआरएंडडी द्वारा संकलित किए गए आंकड़ों के मुताबिक दिनांक 01.01.2018 की स्थितिनुसार पुलिस कार्मिकों की संख्या की राज्य-वार स्थिति अनुलग्नक में दी गई है।

भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची-।। (राज्य सूची) के अनुसार “पुलिस” राज्य का विषय है। प्राथमिक रूप से यह राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है कि वे संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में पुलिस बलों में रिक्तियों को भरें। राज्यों में इन रिक्तियों को भरने और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु पुलिस प्रशासन में अपेक्षित सुधार लाने के लिए केंद्र द्वारा राज्यों को परामर्शी-पत्र भी जारी किये जाते हैं।

******

अनुलग्नक

दिनांक 02.07.2019 का लो.स.अता.प्र.सं.1801

दिनांक 01.01.2018 के अनुसार पुलिस कार्मिकों की राज्य-वार की स्थिति

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्वीकृत नफरी	वास्तविक नफरी	रिक्ति/अधिशेष
1.	आंध्र प्रदेश	72,176	54,243	17,933
2.	अरुणाचल प्रदेश	13,137	10,856	2,281
3.	असम	65,987	54,535	11,452
4.	बिहार	1,28,286	77,995	50,291
5.	छत्तीसगढ़	71,606	59,690	11,916
6.	गोवा	8,312	6,941	1,371
7.	गुजरात	1,09,337	88,267	21,070
8.	हरियाणा	61,346	44,502	16,844
9.	हिमाचल प्रदेश	18,472	16,535	1,937
10.	जम्मू और कश्मीर	87,882	77,838	10,044
11.	झारखंड	79,950	61,019	18,931
12.	कर्नाटक	1,00,243	78,300	21,943
13.	केरल	54,046	44,570	9,476
14.	मध्य प्रदेश	1,15,731	93,376	22,355
15.	महाराष्ट्र	2,40,224	2,14,029	26,195
16.	मणिपुर	33,080	24,843	8,237
17.	मेघालय	16,367	12,691	3,676
18.	मिजोरम	9,792	7,062	2,730
19.	नागालैंड	21,292	22,233	(-) 941
20.	ओडिशा	66,973	56,651	10,322
21.	पंजाब	88,742	82,353	6,389
22.	राजस्थान	1,06,232	88,229	18,003
23.	सिक्किम	6,080	5,358	722
24.	तमिलनाडु	1,24,130	1,01,710	22,420
25.	तेलंगाना	76,407	46,062	30,345
26.	त्रिपुरा	27,378	23,425	3,953
27.	उत्तर प्रदेश	4,14,492	2,85,540	1,28,952
28.	उत्तराखंड	21,124	20,556	568
29.	पश्चिम बंगाल	1,40,904	91,923	48,981
अखिल भारत (कुल)		**23,79,728**	**18,51,332**	**5,28,396**

(-) रिक्ति की नकारात्मक आंकड़ा “अधिशेष” को दर्शाता है।

स्रोतः बीपीआरएंडडी